# कार्यालय प्राचार्य पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शा. उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमपुरा विकासखण्ड – जगदलपुर, जिला – बस्तर (छ0ग0)

क्र./ /PMSHRI/योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक/2026–27 धरमपुरा , दिनांक ....../......./2026

## प्रेस विज्ञप्ति

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छ0ग0 रायपुर के पत्र क्र/821/SS/PM-SHRI/योगा शिक्षक/2026 दिनांक 05.06.2026 एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा माध्यमिक जिला – बस्तर के पत्र क्रमांक/695/समग्र शिक्षा/PMSHRI/2026–27 जगदलपुर दिनांक 07.07.2026 के अनुसार समग्र शिक्षा के अन्तर्गत पीएमश्री योजना के तहत् पीएमश्री शाला स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमपुरा विकासखण्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ0ग0) में 01 योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक की सेवाए लिया जाना है। जिसमें एकमुश्त अधिकतम मानदेय राशि प्रतिमाह 10000.00 शब्दों में रू (दस हजार रू.) मात्र । प्रदाय किया जावेगा। उक्त कार्य हेतु पात्रता की शर्ते एवं आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएं संबंधी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है :–

1. वेतन विवरण/न्यूनतम शैक्षणिक अहर्तायें का विवरण निम्नानुसार है :–

| विद्यालय का नाम | पद का नाम | पद संख्या | निर्धारित मानदेय | अनिवार्य न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| पीएमश्री सेजेस धरमपुरा, विकासखण्ड जगदलपुर | योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक | 01 | 10000/– एकमुश्त | स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री एवं योग शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री |

**नियम एवं शर्ते :–**

1. उम्मीदवारों को समग्र शिक्षा द्वारा स्वीकृत अवधि शैक्षणिक सत्र 2026–27 (31 मार्च 2027 तक) के लिए ही अस्थायी रूप से रखा जायेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात् संबंधितों की सेवाएं स्वतः समाप्त हो जायेगी। अतः आवेदक कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक को नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा नहीं कर सकेगा।
2. आवेदक को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
3. संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभवी को प्राथमिकता दिया जावेगा।
4. चयन उपरान्त उम्मीदवार मानदेय वृद्धि और नियमितीकरण हेतु न्यायालय में याचिका दायर करने हेतु पात्र नहीं होगें।
5. कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक को विज्ञापन वापस लेने/चयन प्रक्रिया को रद्द करने के साथ ही उपरोक्त कार्य अवधि में कार्य संतुष्ट नहीं पाये जाने की स्थिति में एवं किसी भी अन्य विवाद की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी को कार्य से पृथक करने का सम्पूर्ण अधिकार होगा। इस स्थिति में किसी भी प्रकार का आवेदन/अपील विचारणीय व मान्य नहीं होगा। विवाद होने पर निर्णय का संपूर्ण अधिकार कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक के पास सुरक्षित होगा।
6. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्रों को स्वप्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा। साथ ही प्रमाण पत्रों की छाया प्रति स्पष्ट होनी चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किये जायेगें।
7. आवेदक की आयु 01 जनवरी 2026 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। आयु की गणना 01 जनवरी 2026 की स्थिति में की जायेगी। आयु की पुष्टि हेतु उचित प्रमाण–पत्र (कक्षा 10वीं की अंकसूची) संलग्न करना अनिवार्य होगा। शासन के नियमानुसार

अधिकतम आयु सीमा में छूट का प्रावधान होगा। छूट प्रमाणीकरण के लिए सक्षम अधिकारी का प्रमाण–पत्र अनिवार्य है।

8. अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। विज्ञापन तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक योग्यता ही मान्य किये जायेगें।
9. अभ्यर्थी के चयन हेतु निम्नानुसार पदवार शैक्षणिक योग्यता के अंको के प्रतिशत् का अधिभार निर्धारित किया गया है। :–

अभ्यार्थियों के चयन हेतु अंक तालिका का विवरण :–

(कुल 100 अंक)

| कमांक | पद का नाम | स्नातक | अनुभव (अधिकतम 10 अंक |
|---|---|---|---|
| 01 | योग / खेल शिक्षक / प्रशिक्षक | स्नातक डिग्री प्राप्तांकों के प्रतिशत 90 प्रतिशत वेटेज (न्यूनतम योग्यता स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री एवं योग शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री ) | 01 वर्ष – 03 अंक<br>02 वर्ष – 06 अंक<br>03 वर्ष या उससे अधिक – 10 अंक |

10. आवश्यकता अनुसार पुलिस सत्यापन में दोषी पाये जाने पर सेवा समाप्त की जा सकेगी।
11. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
12. विज्ञापित पदों पर चयन की प्रक्रिया विद्यालय स्तर किया जायेगा। चयन हेतु अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
13. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेगें तथा अमान्य /अस्वीकृत आवेदनों के सबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी।
14. निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप छानबीन उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची दावा आपत्ति हेतु सम्बंधित संस्था के सूचना पटल व जिले के अधिकारिक वैबसाईट http://bastar.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।
15. आवेदकों का चयन मैरिट के आधार पर किया जावेगा। व चयनित उम्मीदवार के पद ग्रहण नहीं करने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में से मैरिट अंक के आधार पर चयन किया जायेगा।
16. आवेदन पत्र पीएमश्री **कार्यालय प्राचार्य** पीएमश्री शाला स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमपुरा विकासखण्ड– जगदलपुर जिला बस्तर (छ0ग0) पिन कोड 494001 के पते पर प्रेषित करना होगा। विज्ञापित पद हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 03/08/2026 को विद्यालयीन कार्यालयीन समय 5:00 p.m, बजे तक होगी। आवेदन के साथ दो लिफाफा जिसमें 10–10 रू0 के टिकट सहित वर्तमान पता स्पष्ट होना चाहिए व आवेदक स्वयं सम्बंधित संस्था हेतु कार्यालयीन समयावधि (अवकाश दिनों का छोड़ते हुए) में उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते है। नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
17. विज्ञापन की विस्तृत एंव अद्यतन जानकारी हेतु बस्तर जिले के अधिकारिक वेबसाईट https://bastar.gov.in का नियमित अवलोकन करते रहें।

प्राचार्य
पीएमश्री सेजेस धरमपुरा
विकासखण्ड जगदलपुर
जिला – बस्तर (छ.ग.)

# पीएमश्री शाला – योग / खेल शिक्षक / प्रशिक्षक हेतु आवेदन पत्र

विद्यालय का नाम – पीएमश्री शाला स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमपुरा
विकासखण्ड– जगदलपुर जिला बस्तर (छ0ग0)

प्रति,

स्व प्रमाणित
फोटो

प्राचार्य,
......................................
.........................................
........................................

आवेदित पद का नाम ..........................................................................
01. आवेदक का नाम (हिन्दी में ..........................................................................
(अंग्रेजी में) ..........................................................................
02. पिता / पति का नाम ..........................................................................
03. जन्म तिथि (अंको में) ..........................................................................
(शब्दों में) ..........................................................................
04. आयु दिनांक 01.01.2026 की स्थिति में .............दिन................माह............वर्ष........
05. रोजगार कार्यालय का नाम, ..........................................................................
जीवित पंजीयन क्रमांक / दिनांक ..........................................................................
06. जाति (अजजा. / अजा. / अपिव / अना.) :– ..........................................................................
07. लिंग (पुरूष / महिला / अन्य) ..........................................................................
08. विवाहित / अविवाहित / विधुर / परित्यकता ..........................................................................
यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या–
..........................................................................
09. पत्र व्यवहार का पूरा पता ..........................................................................
..........................................................................
10. स्थायी निवास का पूरा पता ..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................
**11. मोबाईल नम्बर** ..........................................................................
**12.** शैक्षणिक योग्यता का विवरण :– ..........................................................................

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 10वीं | | | | | | |
| 2 | 12वीं | | | | | | |
| 3 | स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री एवं योग शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री | | | | | | |

13. कार्यानुभव (यदि हो तो उल्लेख करें) :–

| क्र. | कार्यालय का नाम | पदनाम | कार्यावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**आवेदक यदि किसी विभाग/कार्यालय में कार्यरत है तो कार्यालय प्रमुख से अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।**

14. क्या आपके पास आवेदित पद के लिए शैक्षणिक योग्यताएं हैं :– हॉ/नहीं ........................

15. अन्य योग्यता का विवरण :– ..........................................................................

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

**1.** .................................... **2** ............................................. **3.** ......................................................

**4.** ..................................... **5.** ............................................ **6.** ......................................................

**7.** .................................... **8.** ............................................. **9.** ......................................................

**10.** ..................................... **11.** .........................................**12.** ....................................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
पूरा नाम. ...................................
मो.नम्बर .......................

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ, कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे जानकारी के अनुसार सत्य है तथा इसमें दी गई जानकारी असत्य पाये जाते है तो मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी ।

स्थान .....................................
दिनांक ..................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
पूरा नाम .....................................
मो.नम्बर .......................